[This question paper contains 6 printed pages.]

**5401**

*Your Roll No.* ............

*आपका अनुक्रमांक* ___________

**B.A. Prog. / I** **J**

**(E)**

ECONOMICS – Paper I

(Principles of Microeconomics)

(Admissions of 2005 and onwards)

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 75*

*समय : 3 घण्टे* *पूर्णांक : 75*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)*

*Note :– (i) The maximum marks printed on the question paper are applicable for the students of the regular colleges (Cat. 'A'). These marks will, however, be scaled up proportionately in respect of the students of NCWEB at the time of posting of awards for compilation of result.*

*(ii) Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

*टिप्पणी :- (i) प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक नियमित कॉलेजों (श्रेणी 'A') के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं। तथापि ये अंक NCWEB के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में अधिक होंगे।*

*(ii) इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Attempt any* **five** *questions.*
**All** *questions carry equal marks.*

*कुल पाँच प्रश्न कीजिए।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

1. (a) What are the determinants of market demand ? How do the changes in these determinants make the movement along the demand curve and shift in demand curve ? (8)

(b) If incomes of consumers rise and cost of production of mobile phone falls, show the impact of these changes in market equilibrium quantity and price of mobile phone, using suitable diagram. (7)

(क) बाजार माँग के निर्धारक तत्त्व क्या हैं ? इन निर्धारक तत्वों में परिवर्तन किस प्रकार माँग वक्र पर चलन एवं माँग वक्र के खिसकाव का कारण बनते हैं ?

(ख) यदि उपभोक्ताओं की आय में वृद्धि हो जाती है एवं मोबाइल फोन के उत्पादन लागत में कमी हो जाती है तो समुचित चित्र की मदद से इन परिवर्तनों का मोबाइल फोन की बाजार में संतुलन मात्रा एवं संतुलन कीमत पर पड़ने वाले प्रभाव को समझाइए।

2. (a) Explain consumer surplus. Explain the effect on consumer surplus when price of a commodity (i) increases and (ii) decreases. (7)

(b) Describe the determinants of elasticity of demand. An increase in price of commodity x from Rs. 40 to Rs. 50 causes the demand of commodity y to increase from 100 to 150. Using arc method, calculate elasticity of demand of y with respect to price of x. Comment on the nature of relation between x and y. (8)

(क) उपभोक्ता अतिरेक की विवेचना कीजिए। किसी वस्तु के मूल्य में (i) वृद्धि एवं (ii) कमी होने पर उपभोक्ता अतिरेक पर पड़ने वाले प्रभाव को समझाइए।

(ख) माँग की लोच के निर्धारक तत्वों के बारे में बताइए। एक वस्तु x की कीमत 40 रुपये से बढ़कर 50 रुपये हो जाने पर वस्तु y की माँग 100 से बढ़कर 150 हो जाती है। चाप विधि का प्रयोग करते हुए x वस्तु के कीमत के सन्दर्भ में y वस्तु की माँग की लोच की गणना कीजिए। x और y के बीच सम्बन्ध के बारे में लिखिए।

3. (a) What is the relationship between marginal utility and total utility ? To maximise utility a consumer allocates expenditure among goods so that equal utility is derived from the last unit of money spent on each good. Elaborate. (9)

(b) Using indifference curves, explain the income effect and substitution effect of a decrease in price of an inferior good. (6)

(क) सीमान्त उपयोगिता एवं कुल उपयोगिता के बीच क्या सम्बन्ध है ? उपयोगिता को अधिकतम करने के लिए एक उपभोक्ता विभिन्न वस्तुओं पर इस प्रकार व्यय करता है जिससे कि प्रत्येक वस्तु पर खर्च किए गए मुद्रा की अंतिम इकाई से प्राप्त उपयोगिता एकसमान हो जाय । विवेचना कीजिए ।

(ख) अनधिमान वक्र की सहायता से एक घटिया वस्तु की कीमत में कमी हो जाने से उत्पन्न आय प्रभाव एवं प्रतिस्थापन्न प्रभाव का वर्णन कीजिए ।

4. (a) What do you understand by least-cost method of producing a given amount of output ? (9)

(b) Given the production function $Q = 15.\sqrt{K}\sqrt{L}$ and the value of K fixed at 100, calculate total product and average product for the following values of Labour input

(i) L = 9 and (ii) L = 25. (6)

(क) एक निश्चित उत्पादन के लिए न्यूनतम लागत सिद्धान्त से आप क्या समझते हैं ?

(ख) दिए गए उत्पादन फलन $Q = 15.\sqrt{K}\sqrt{L}$ एवं पूँजी की स्थिर मात्रा 100 रहने पर, श्रम की निम्नलिखित मात्राओं के लिए कुल उत्पादन एवं औसत उत्पादन ज्ञात कीजिए।

(i) $L = 9$ और (ii) $L = 25$

5. (a) What are the characteristics of perfect competition ? How does a firm under perfect competition achieve equilibrium in the short run ? (8)

(b) Compare equilibrium output and price attained under perfect competition and monopoly. (7)

(क) पूर्ण प्रतियोगिता की क्या विशेषताएँ हैं ? पूर्ण प्रतियोगिता में एक फर्म अल्पकाल में किस प्रकार संतुलन प्राप्त करती है ?

(ख) पूर्ण प्रतियोगिता एवं एकाधिकार के अन्तर्गत स्थापित संतुलन मात्राओं एवं कीमतों में तुलना कीजिए।

6. (a) Define monopolistic competition. Explain equilibrium condition of a firm under monopolistic competition in the long run. (9)

(b) What is oligopoly ? How does game theory explain the behaviour of a firm under oligopoly ? (6)

(क) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता की व्याख्या कीजिए। एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता में एक फर्म के दीर्घकाल में संतुलन स्थिति का वर्णन कीजिए।

(ख) अल्पाधिकार क्या है ? अल्पाधिकार में गेम थ्योरी का इस्तेमाल एक फर्म के व्यवहार के विश्लेषण में किस प्रकार होता है ?

7. (a) Discuss the conditions under which market system fails to allocate resources efficiently. (9)

(b) Using indifference curves, show that the supply curve of labour bends backward beyond a particular wage rate. (6)

(क) उन परिस्थितियों का वर्णन कीजिए जिसमें बाजार व्यवस्था साधनों के कुशल आबँटन करने में विफल हो जाता है।

(ख) अनधिमान वक्र की सहायता से समझाइए कि श्रम का पूर्ति वक्र एक निश्चित मजदूरी दर के बाद पीछे की तरफ मुड़ जाता है।

8. Write short notes on any **two** :

(a) Principal-agent theory

(b) Absolute advantages and comparative advantages

(c) Arguments for protection of industries from free trade in developing countries (7½,7½)

किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए :

(क) मुखिया - अभिकर्त्ता सिद्धान्त

(ख) निरपेक्ष लाभ एवं सापेक्ष लाभ

(ग) विकासशील देशों में मुक्त व्यांपार से उद्योगों के बचाव के पक्ष में तर्क

(1000)****